# सार्वजनिक सूचना

## वन विभाग हिमाचल प्रदेश

## हमीरपुर वन वृत में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

हिमाचल **प्रदेश** वन विभाग के हमीरपुर वन वृत के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर वन रक्षकों के कुल 14 पदों के लिये सीधी भर्ती हेतु नीचे दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षकों की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार भर्ती एवम् पदोन्नति नियमों के आधार पर की जाएगी । अनुबन्ध के आधार पर नियुक्त वन रक्षक को **5910+2000 ग्रेड पे + ग्रेड पे का** 125% मासिक वेतन दिया जाएगा । वन रक्षक के पद पर चयनित उम्मीदवार को अनुबन्ध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए लगाया जाएगा जिसे **वार्षिक** आधार पर बढ़ाया जा सकता है । अगर अनुबन्ध में एक वर्ष से आगे बढ़ौतरी की जाती है तो 3% **के हिसाब से वेतन वृद्धि** की जाएगी । अनुबन्ध के आधार पर चयनित वन रक्षक को करार (कॉन्ट्रैक्ट) सम्बंधित वन मण्डल अधिकारी को नियम एवं शर्तें जो कि अनुबन्ध में दी गई हैं का प्रारूप हस्ताक्षरित करके देना होगा । वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है । यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्तें पूरी करता हो तो निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन पत्र दिनांक 08/11/2019 पांच बजे तक अरण्यपाल हमीरपुर वन वृत कार्यालय हमीरपुर (**हिमाचल प्रदेश**) - 177001 **को** डाक द्वारा **पहुँच जाना चाहिए** अथवा व्यक्तिगत रूप से **जमा करवा सकते है । ऑनलाइन आवेदन** विभागीय **वेबसाइट** www.hpforest.nic.in पर निम्नलिखित लिकं पर **11.11.2019 सुबह 10 बजे तक भरे जा सकते है ।**

http://forp.hp.gov.in

**जन जातीय क्षेत्र** के उम्मीदवारों के लिए डाक द्वारा आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15/11/2019 को पांच बजे तक होगी ।

**नोटः–** उम्मीदवार एक ही विधि से **ऑनलाइन (online) या ऑफलाइन (offline)** आवेदन कर सकता है। जो आवेदक निधारित प्रपत्र पर आवेदन करेंगे वे अपना **mobile number और e-mail** पता अवश्य लिखें। महिला उम्मीदवार भी इस पद के लिए पात्र हैं । पदों का श्रेणीवार ब्योरा निम्नलिखित है :–

| Category | UR | Economically weaker Section (EWS) | IRDP / Antodaya | Ex-seviceman | Home Guards | Sportsman | Ward of Freedom Fighters | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| General | 03 | 01 | 0 | 01 | 01 | 0 | 0 | 06 |
| SC | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 04 |
| ST | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| OBC | 01 | 0 | 0 | 01 | 01 | 0 | 0 | 03 |
| Total | 06 | 01 | 01 | 02 | 03 | 0 | 01 | 14 |

यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में उपयुक्त उमीदवार उपलब्ध नहीं होता है तो वह पद स्वचालित रूप से अनारक्षित माना जाएगा और अनारक्षित श्रेणी के साधारण (non-EWS) उमीदवार से भरा जाएगा । यदि कोई बी.पी.एल उम्मीदवार EWS श्रेणी के आरक्षित पद के लिए आवेदन करता है तो उसे खंड विकास अधिकारी द्वारा जारी किया गया मान्य बी.पी.एल. प्रमाण पत्र और सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया गैर SC/ST/OBC प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा

Scanned by CamScanner

नोटः—

1 भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अन्तर्गत उपरोक्त वन रक्षकों की अनुवन्ध आधार पर भर्ती, भूतपूर्व सैनिक रोजगार सैल, हमीरपुर द्वारा की जाएगी।

2 गृह रक्षक की भर्ती अनुवन्ध के आधार हेतू सम्बंधित विभाग को आवेदकों के नाम नामांकित करने हेतू अलग से लिखा जाएगा।

3. उक्त पदों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों /अन्य पिछड़े वर्गो / **आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग** और अन्य प्रवर्ग के आवेदकों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर इस वावत जारी किए गए आदेशों के अनुसार वृत स्तर पर आरक्षण दिया जाएगा ।

**पात्रता की शर्तें :—**

1 अभ्यार्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है ।

2 आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में दर्ज होना/नवीनकृत (renewal) होना अनिवार्य है ।

3 आवेदक की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । अनुसूचित जातिं/अनुसूचित जन जाति /अन्य पिछडे वर्गो के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी ।

4 आवेदक ने किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड /विश्वविद्यालय से दस जमा दो (10+2) कक्षा व इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो ।

5 न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः—

| | | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1 | ऊंचाई ( कद) | 165 सैं0मी0 | 150 सैं0मी0 |
| 2 | छाती (क) विना फुलाए | 79 सैं0मी0 | 74 सैं0मी0 |
| | (ख) फुलाकर | 84 सैं0मी0 | 79 सैं0मी0 |

**नोटः—** अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को लम्बाई में 5 सैं0मी0 और छाती के माप में 4 सैं0मी0 की छूट होगी ।

**<u>भर्ती प्रकिया</u>**

6. शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test)

7. वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हों उन्हें निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण 100 मीटर तथा 800 मीटर दौड़, 1.25 मीटर ऊंची कूद तथा 4.00 मीटर लम्बी कूद (पुरूष वर्ग ) एवं 100 मीटर तथा 800 मीटर दौड़, 1 मीटर ऊंची कूद तथा 3.00 मीटर लम्बी कूद ( महिला वर्ग) सभी में नीचे दिए मानको के आधार पर उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा । **शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test) के अंक नहीं दिए जाएँगे ।**

Scanned by CamScanner

**शारीरिक दक्षता परीक्षा**

| | पुरुष वर्ग | | महिला वर्ग | | किसी भी अभ्यर्थी को दौडों में अतिरिक्त चांस नही दिया जाएगा। |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | समय | दूरी | समय | |
| | 100 मी0 | 14 सैकिन्ड | 100 मी0 | 17 सैकिन्ड | |
| | 800 मी0 | 2.45 मिनट | 800 मी0 | 4.15 मिनट | |
| कूद/छलांग कम से कम | उंची कूद/छलांग कम से कम | लम्बी कूद/छलांग कम से कम | उंची कूद/छलांग कम से कम | लम्बी कूद/छलांग कम से कम | प्रत्येक अभ्यर्थी को तीन चांस दिए जाएंगे। |
| | 1.25 मीटर | 4 मीटर | 1 मीटर | 3 मीटर | |

8 जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उत्तीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (written test) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान वारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरन्त बाद सूचित किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 85 वस्तुनिष्ठ प्रशन (objective type questions) होंगें जिनके उत्तर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा । और इसमें भाषा, सामान्य विज्ञान व हिमाचल प्रदेश के जंगलो, वातावरण एवं वन्य प्राणी के प्रति सामान्य जागरूकता, सामान्य ज्ञान, reasoning and aptitude इत्यादि प्रशन शामिल होगें । उतर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली/काली स्याही का वालपैन व गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

9 शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण करने के उपरान्त लिखित परीक्षा मे प्राप्त अकों के आधार पर योग्यता सूची (merit list) तैयार की जाएगी जिसके अनुसार उम्मीदवारों को मुल्यांकन हेतू बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें पंजीकृत पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा । लिखित परीक्षा तथा मुल्यांकन परीक्षण के लिए निर्धारित अधिकतम अंको का विवरण निम्नलिखित है:–

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| शारीरिक दक्षता | कोई अकं नही (केवल उत्तीर्ण करना अनिवार्य) |
| लिखित परीक्षा | 85 |

**मूल्याकंनः** उपरोक्त पदो के लिए योग्यता सूची (Merit List) लिखित परीक्षा के अंको व नीचे दर्शाए गए प्रमाण पत्रों, जो की हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या Per (AP.B)B (15)-5/2014 दिनांक 17.04.2017 व 25.04.2017 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं, के आधार पर मुल्याकंन किया जाएगा। प्रमाण पत्रों के आधार पर अंकों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

| | | |
|---|---|---|
| i) | Weightage for the minimum educational qualification as per the Recruitment & Promotion Rules.(Percentage of marks obtained in the educational qualification would be multiplied by 0.025. For example, an individual has secured 50% marks in the required educational qualifications, he/she will be allowed 1.25 marks (50X 0.025 = 1.25) | 2.5 (two & a half) |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ii) | Belonging to notified Backward Area or Panchayat, as the case may be | 1 (one) |
| iii) | Land less family/family having land less than 1 Hectare to be certified by the concerned Revenue Authority | 1 (one) |
| iv) | Non-employment Certificate to the effect that none of the family members is in Government/Semi Government. | 1 (one) |
| v) | Differently abled persons with more than 40% impairment/disability/infirmity | 1 (one) |
| vi) | NSS (atleast one year ) certificate holders in NCC/The Bharat Scout and Guide. Medal winner in National level sports competitions. | 1 (one) |
| vii) | BPL family having family annual income (from all sources) below Rs. 40000/- or as prescribed by the Govt. from time to time. | 2 (two) |
| viii) | Widow/divorced/destitute/single woman | 1 (one) |
| ix) | Single daughter/Orphan | 1 (one) |
| x) | Training of atleast 6 months duration related to the post applied for from a recognized University/Institution. | 1 (one) |
| xi) | Experience upto a maximum of 5 years in Govt./Semi Govt. organization relating to the post applied for (0.5 mark only for each completed year). | 2.5 (two and a half) |

## आवेदकों के लिए निर्देष

1. आवेदक http://forp.hp.gov.in पर online आवेदन करें । अगर कोई आवेदक offline आवेदन करना चाहे तो नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करे जो कि अच्छे सफेद कागज पर टाईप या छपा हो तथा उम्मीदवार द्वारा अपनी हस्तलिपि में भरा होना चाहिए। आवेदक online अथवा निधारित प्रपत्र दोनों विधियों में से किसी एक द्वारा ही आवेदन करें।

2. प्रार्थना पत्र की जांच के उपरान्त उम्मीदवारों को online / डाक व स्थानीय अखबारों के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा । यदि उम्मीदवार को किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा के शुरू होने से पहले वन वृत कार्यालय हमीरपुर में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 5 बजे सायं तक संपर्क कर सकते हैं

3. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा ।

4. यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा ।

5. आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ आवश्य लाएं ।

   क) दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, 10+2 प्रमाण पत्र व अन्य शेक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि कोई हों।

   ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति पिछडा वर्ग, स्वतन्त्रता सैनानियो के वच्चों/पौत्र/पौत्री/आई0 आर0 डी0 पी0/अन्तोदय / आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS) का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाण पत्र ।

Scanned by CamScanner

ग) एन सी सी / एन एस एस / खेल, अन्य पाठ्य सहायक कियांओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बधित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाण पत्र ।

घ) हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम दर्ज होने का नवीनतम प्रमाण पत्र (Employment Registration Card) तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 2 प्रतियां अपने साथ अवश्य लांए ।

6. मुल्याकंन में भाग लेने आए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों को आने तथा वापिस जाने की दूरी यदि 32 किलोमीटर से अधिक है तो नियमानुसार उन्हें दोनों ओर के वास्तविक बस किराए की राशी की प्रतिपूर्ति यात्रा भत्ता द्वारा की जाएगी अन्य उम्मीदवारों को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

7. यदि प्रार्थी शारीरिक जांच शारीरिक दक्षता परीक्षण लिखित परीक्षा व मुल्याकंन परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी ।

नोटः यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण निर्धारित तिथि को पूरी नहीं होती है तो यह प्रक्रिया अगले दिन पूर्ण होने तक जारी रहेगी ।

8. शारीरिक जांच तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथियां आवेदकों के Application नंबर के अनुसार निर्धारित की जाएगी । आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर शारीरिक जांच तथा शारीरिक दक्षता हेतू उपस्थित होवें । निर्धारित तिथि, स्थान व समय आवेदकों के एडमिट कार्ड पर दर्शाया होगा ।

9. अनुबंध पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं होगा ।

10. उम्मीदवार वन विभाग हिमाचल प्रदेश के केवल किसी एक ही वन वृत में भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेगा ।

11. हिमाचल प्रदेश सरकार विना कोई कारण बताए बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखती है ।

12. विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक अरण्यपाल हमीरपुर वन वृत अथवा इस वृत के किसी भी वन मण्डलाधिकारी के कार्यालय में निम्न दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

अरण्यपाल हमीरपुर वन वृत –01972–223217

वन मण्डलाधिकारी हमीरपुर –01972–224922

वन मण्डलाधिकारी ऊना–01975–223636

वन मण्डलाधिकारी देहरा –01970–233156

Scanned by CamScanner

13. डाक द्वारा आवेदन करते समय **दो** खाली **लिफाफे जिन** पर प्रार्थी का पूरा पता पिन कोड सहित लिखा हुआ हो व **5** रू की डाक टिकट लगी हो साथ में सलंग्ति करना होगा ताकि **शारीरिक** दक्षता टैस्ट **व लिखित परीक्षा** की तारीख के बारे चयनित प्रार्थी को सूचित किया जा सके।

अरण्यपाल,
वन वृत हमीरपुर

Scanned by CamScanner

फार्म न0 ...........................
(केवल कार्यालय प्रयोग हेतू)

Affix latest passport size photograph duly signed

**वन विभाग हिमाचल प्रदेश**
**वन वृत हमीरपुर**
**अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन पत्र**
**भाग .1**
**(आवेदक का विवरण)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का पूरा नाम (दसवीं प्रमाण पत्र के अनुसार) | (हिन्दी में)..................................<br>(अंग्रेजी में)................................. |
| 2 | पिता /पति का नाम | ............................................................................. |
| 3 | स्थाई पता | ............................................................................. |
| 4 | क) पत्राचार हेतू पता<br>ख) दूरभाष मोवाईल न0 | |
| 5 | पहचान चिन्ह | |
| 6 | आवेदक किस श्रेणी से सम्वन्ध रखता है<br>क) साधारण /अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति/अन्य पिछडा वर्ग<br>ख) आई0 आर0 डी0 पी0/ **आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS)** / स्वतन्त्रता सेनानियों के बच्चों पौत्रों/पौत्री/प्रतिष्ठित खिलाडी इत्यादि<br>(नवीनतम प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | क) .......................<br>ख) ...................<br>(लागू श्रेणी का नाम) |
| 7 | जन्म तिथि (दसवीं प्रमाण पत्र के अनुसार)<br>क) अंकों में<br>ख) षब्दों में<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)<br>आयु दिनांक 01. 01. 2019 को | तिथि \| माह \| वर्ष<br>..........................................<br>......... वर्ष ......... माह .........दिन |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें ) | |
| 9 | क) रोजगार / उप रोजगार कार्यालय का नाम<br>ख ) पंजीकरण संख्या (सत्यापित प्रति संलग्न करें ) | |

मैं सत्यापित करता/करती हूं कि मेरी जानकारी के अनुसार उक्त दी गई सूचना सही है । मैं ये भी प्रमाणित करता / करती हूँ कि मैंने हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य वन वृत में वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया है ।

मैं समझाता / समझती हूँ कि यदि कोई उपरोक्त तथ्य गलत पाये जाते हैं तो मेरी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित की जा सकती है अथवा किसी भी स्तर पर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाई की जा सकती है ।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

स्थान ............................

तिथि ............................

Scanned by CamScanner